[Shri Harekrushna Mallick]

situation in Madhya Pradesh, in the Rewa area, where hundreds and thousands of people have been taken ill because of the kesri dal given by the land-owners and there is nobody to take care of them. These people are being harassed. This matter should be discussed in this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): For this, you have to give notice of a Calling Attention Motion or some such thing. It does not come under this.

For the information of the hon. Members, the Government has announced its own Business. I am advised by the Secretary-General that the Business Advisory Committee will be meeting on 22nd, when they will be allotting the time and they will decide what are the subjects to be discussed and any other Business which can be accommodated. This is one. Secondly, at that time, as has been pointed out by Mr. Mathur, the eventuality of the Kerala and the Assam Assemblies being dissolved was not mentioned, because, at that point of time, the Government was also not aware of it.

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE: They have now become aware of this position.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Mr. Dhabe, as I said, the Business Advisory Committee is meeting on Monday, the 22nd. How can it be done now? I would only seek your co-operation. On Monday, the Business Advisory Committee will be meeting and in that meeting, the Members will be taken into consultation as regards extension of time, if required by the Government; I do not know. Now, we take up the next item.

The press (planning and Freedom Bill, 1978

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): We take up the first item on the Agenda. The Constitution (Amendment) Bill, 1977. Shri F. M. Khan. He is not here. We take up the second item. The Constitution (Amendment) Bill, 1978 (Insertion of new article 371G). Shri Shiva Chandra Jha.

SHRI SHIVA CHANDRA JHA (Bihar): I am moving the fourth one.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): I am now on the second item of the Agenda. Are you moving the Bill listed against your name in the second item of the Agenda?

SHRI SHIVA CHANDRA JHA: No.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Now, we take up the third item. The Constitution (Amendment) Bill, 1978 (Insertion of new article 16A). Are you moving?

SHRI SHIVA CHANDRA JHA: No. Not moving at present.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): No question of at present. It will lapse.

श्री शिव चन्द्र झा : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपकी आज्ञा से यह प्रस्ताव करता हूं :

'प्रेस के आयोजन तथा स्वतंत्रता का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।'

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा विधेयक 'प्रेस प्लानिंग और फ्रीडम' इसलिये है कि देश में जनतंत्र मजबूत हो और हकीकत में प्रेस की स्वतंत्रता कायम हो। अभी-अभी भारत की प्रेस हकीकत में आजाद और स्वतंत्र प्रेस नहीं है। सरकारों की रोक है,

सरकार का कन्ट्रोल है और साथ ही साथ प्रेस मालिक का दबाव है। इन दो कब्जों से, इन दबाव से भारत की प्रेस आजाद प्रेस नहीं है, स्वतंत्र प्रेस नहीं है। हम देश में जनतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं और हकीकत में प्रेस स्वतंत्रता को कायम करना चाहते हैं। इसी लिये मेरा विधेयक है कि प्रेस फ्लाड हो। यह कैसे हो, इस पर मैं बाद में आऊंगा। अभी जो प्रेस का रूप है उस पर आता हूं। प्रेस मंत्री तो हैं नहीं। . . .

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : इस तरह से आप प्रेस से वाकिफ नहीं है उसी तरह से आप प्रेस मंत्री से भी वाकिफ नहीं है।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : प्रेस मंत्री का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा था।

श्री शिव चन्द्र झा : नये बहाल हुए हैं। प्रेस मंत्री जी चुप होकर सुन लीजिए। उनके बड़े मंत्री नहीं है। प्रेस के रूप में इनके बड़े मंत्री साठे साहब जानते हैं। श्री साठे साहब ने खुद कहा है कि भारत की प्रेस जो है वह मिलिनेयर्स के कब्जे में है। यह एक इस्ट्रूमेंट है, हथियार है बाहरी फारेन वेस्टेड इंटरेस्ट के। यह खुद उन्होंने कहा है। इसको लेकर एक रिपोर्टर कारेसपोडेंट श्री एम० बी० कामथ ने शायद 'इंडियन एक्सप्रेस' वाशिंगटन बेस्ट में जवाब भी मंत्री महोदय को ठीक से दिया कि भारत के सूचना और प्रसारण मंत्री को प्रेस की आजादी का कुछ ज्ञान नहीं है। कुर्सी हड़प लेना अलग बात है, मंत्री बन जाना अलग बात है लेकिन प्रेस की आजादी के बारे में समझना दूसरी बात है। इनका जवाब 'इंडियन एक्सप्रेस' के 24 जनवरी में छपा था। उसकी तफसील में मैं नहीं जाऊंगा। कहने का मतलब यह है कि खुद मंत्री महोदय ने कहा है कि भारत की प्रेस मिलिनेयर्स के कब्जे में है। हां, मंत्री जी आ गये हैं . . . (व्यवधान)

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री बसंत साठे) : आपकी आवाज तो वहां भी आ रही थी।

श्री शिव चन्द्र झा : इन्होंने यह कहा था कि यह एक इस्ट्रूमेंट है फारेन वेस्टे इंटरेस्ट का जिसका जवाब श्री एम० बी० कामथ ने वाशिंगटन बेस्ट इंडियन एक्सप्रेस में छाप कर मुंह तोड़ उत्तर दिया था। प्रेस स्वातंत्र्य से इन्हें कोई वाकफियत नहीं है, कोई पता नहीं है, भले ही ये मंत्री हो गये हों। कुछ मायनों में यह हो सकता है कि भारत का जो प्रेस है वह मिल ओनर्स के मातहत है, मिल मालिकों के कब्जे में है और वह आजाद नहीं है। बहुत हद तक सही मायनों में यह सही हो सकता है। बहुत मायनों में बाहरी इंटरेस्ट का प्रेस हथकंडा या इस्ट्रूमेन्ट हो सकता है। लेकिन प्रेस स्वातंत्र्य का जो नक्शा है, वह दूसरा भी हो सकता है . . (व्यवधान) मेरा कहना यह है कि मालिकों के कब्जे में प्रेस स्वातंत्र्य है, यह भी गलत है। यह सही है कि भारत का प्रेस सरकारी कब्जे में उस रूप में नहीं है जिस रूप में इमरजेन्सी के वक्त था। इमरजेन्सी के वक्त में भारत के प्रेस का रूप क्या था, यह सभी जानते हैं। उस वक्त प्रेस स्वातंत्र्य का खात्मा हो चुका था, प्रेस की आजादी खत्म हो चुकी थी। मि० गोबेल्स जो हैं, वे यहां पर घूमा करते थे। और इमरजेन्सी के वक्त में प्रेस को सब कार्यवाहियां किया करते थे। उस रूप में भारत का प्रेस इस वक्त सरकार के कंट्रोल में नहीं है, यह मैं मानता हूं। लेकिन इंडायरेक्टली उस पर कब्जा है, यह निर्विवाद है। मैं उदाहरण देता हूं। जिस प्रकार सेपोस्टल रेट बढ़ाये गये है, डाक के रेट बढ़ाये गये हैं, वह प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला

[श्री शिवचन्द्र झा]

किया गया है, कुठाराघात किया गया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि भारत के प्रेस ने या किसी भी अखबार ने इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाई है। यह प्रेस की आजादी पर हमला करने वाला मंत्री है जिसने डाक दरें बढ़ाई हैं। उसको अविलम्ब इस्तीफा दे देना चाहिए। जिस प्रकार से पोस्टल रेटस बढ़ाये गये है यह प्रेस की स्वतंत्रता पर ईवेजन है। यह प्रेस की आजादी पर आघात का एक उदाहरण है। और भी बहुत से उदाहरण हैं उनको मैं बाद में तफसील में बताऊंगा। प्रेस पर सरकारी कंट्रोल से प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला होता है। इसलिए यह कहना कि प्रेस पर सिर्फ मालिकों का ही कब्जा है, सही नहीं है। मेरे एक सवाल के जवाब में 12 दिसम्बर, 1981 को मंत्री जी ने कहा कि —

In a written reply to Shri Shiva Chandra Jha, the Minister gave the following information:

रजिस्ट्रार जनरल आफ न्यूजपेपर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 32 इंडियन न्यूजपेपर्स जिनका सरकूलेशन एक लाख से ऊपर है, उनमें 25 ऐसे घरानों के हाथ में हैं जो एक नहीं, दो नहीं, कई अखबार चलाते हैं। इस बारे में मैं बाद में बताऊंगा। प्रेस की आजादी जो कही जाती है, वह सही मायनों में इंग्लैण्ड में भी नहीं है और अमेरिका में भी नहीं है। मैं यह नहीं कहता कि इंग्लैण्ड का प्रेस आजाद है, मैं यह भी नहीं कहता अमेरिका का प्रेस आजाद है। इंग्लैण्ड की प्रेस इस तरह से गुलाम है, परतंत्र है, जिस तरह से भारत का प्रेस है। अमेरिका का भी प्रेस इस तरह से गुलाम और परतंत्र है। यानी वहां भी प्रेस की फ्रीडम नहीं है जिस तरह से भारत में है। तीनों की बीमारियां यहीं है। प्राईवेट ओनरशिप जो है, मिल्कियत जो है वह उसे एक उद्योग के रूप में चलाती है। इससे भी केन्द्रीयकरण होता है और इसलिये जो और उद्योगों में बीमारी है वह यहां भी है। यह बात अमेरिका में भी है। 1945 में जब कलमेंट एटली के हाथ में इंग्लैण्ड की बागडोर आई तो उसने रायल कमीशन आन प्रेस बिठाया, प्रेस के कन्सन्ट्रेशन की जांच के लिये। अन्यूरिन बेवान ने उसमें कहा है कि :

"The British press is the most prostituted press in the world, mostly owned by a gang of millionaires, pumping a deadly poison into the public mind day after day and week after week."

इस रपट में भी यही निकला। अमेरिका में भी हच्चिन्स कमीशन बनाया गया। उसने भी खोज करके स्वीकार किया कि अमेरिकी प्रेस आजाद नहीं है। उसकी रिपोर्ट है फ्री एंड रेस्पांसबिल नहीं है। इस पर मैं बाद में आऊंगा तफसीलवार आऊंगा। प्रेस पूरी तरह आजाद नहीं है और वे सरकारी कन्ट्रोल तथा अन्य कारणों से स्वतंत्र नहीं है। जो कन्सेप्ट आफ फ्रीडम है, फ्रीडम फार्म एंड फ्रीडम फार, प्रेस के लिये यह बहुत ज्यादा जरूरत है —

Freedom from restraint—any control even of the Government or of the ownership.

ताकि हमारी आम जनता तक सही चीजें पहुंच सकें। ये सारी बातें अब प्रेस की आजादी की परिभाषा में आ रही है कि खबर सही मिले, सूचना सही मिले और सरकारी दस्तावेज और सरकारी रिकार्ड से सूचना प्राप्त करना प्रेस वालों का अधिकार है। यहां भी प्रेस वालों के लिये, प्रेस के जर्नालिस्टों के लिये मंत्री महोदय आप राइट टु इन्फार्मेशन ऐक्ट बनायें ताकि प्रेस वाले वहां जा सकें और प्रेस

की आजादी का जो अधिकार है उसके अनुसार हमें सरकारी सीक्रेट डाक्युमेन्टस देखने को मिलसकें। तो बात यहां पर आ गई है उपसभाध्यक्ष महोदय। मैंने कहा कि हिन्दुस्तान ही नहीं, इंग्लैंड, अमेरिका की प्रेस भी आजाद नहीं है और इसकी आजादी की हकीकत में जरूरत है। इन दो पंजों से, इन दो कब्जों से, एक सरकारी कब्जा और दूसरा मालिकों का कब्जा, इससे प्रेस को आजाद करो, यह इसके लिये जरूरी है।

SHRI VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): May I request you, Jhaji, to speak at a little lower pitch so that it will also give you more time to speak?

श्री शिव चन्द्र झा : जैसी आपकी आज्ञा।

तो इसलिये प्रेस को आजाद करने के लिये यह आवश्यक है कि प्रेस प्लान्ड हो, योजनाबद्ध हो। उपसभाध्यक्ष जी, जब मैं कहता हूं कि प्रेस प्लान्ड हो तो शायद आपको आश्चर्य होगा कि यह कैसे होगा। प्लान्ड से मोटेतौर पर हमारा कहने का मतलब है कि सरकार टैक-ओवर करे। अपने बिल में इसमें डिफेरेन्स करूंगा लेकिन मौटेतौर पर नेशनलाइज्ड जिसको कहते हैं वह आप करें। आप घबड़ायेंगे कि प्रेस का नेशनलाइजेशन, यह बात तो आज तक कभी हुई नहीं, यह कैसा प्रेस स्वातंत्रय ? मेरा कहना है कि जब भी कोई नई बात आ जाती है तो ऐसा ही होता हैं। उस जमाने में जब कोई नई बात ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): That demand is going on for the last twenty years. You don't worry about it.

3 P.M.

श्री शिव चन्द्र झा : एक जमाना था कि अगर किसी ने कह दिया कि पृथ्वी घूमती है...और दुनिया गोल है तो इतिहास बताता है कि ब्रुनों को दफनाया गया और गेलिलियों पर दबाव दिया, जोर दिया और उसको कहा कि वह कहे कि पृथ्वी नहीं घुमती है। उसको अपनी जान बचाने के लिए यह कहना ही पड़ा कि पृथ्वी नहीं घूमती है। लेकिन जब वह बाहर आया तो बाद में फिर भी उसने यह कहा कि पृथ्वी घूमती है। इंग्लैंड की रानी क्वीन एलिजाबेथ–1 ने भी कभी कबूल ही नहीं किया कि दुनिया गोल है। लेकिन उस जमाने से ले कर आज भी जमाने में 1982 तक इसमें कोई शक नहीं कि पृथ्वी घूमती है, यह निर्विवाद है। कहीं पर कोई नई बात होती है तो यह आश्चर्य होता है कि यह कैसे होगी ? वही बात इसमें लागू होती है जब मैं आप को प्रेस का मालिक कहता हूं, यह कहता हूं कि प्रेस को सरकार कंट्रोल करे तो आपको आश्चर्य होगा। यह एक नया तरीका है फ्रीडम आफ प्रेस के बारे में यह कैसे होगा ? इस को साफ करने के लिये कि सरकारी प्रेस प्लाड हो, कंट्रोल्ड हो लेकिन मैंने कहा कि जनतंत्र मजबूत करने के लिए है। जनतंत्र कैसे मजबूत होगा ? जनतंत्र मजबूत होगा, हमको पूरी आजादी सरकार की नुक्ताचीनी करने के लिए हो। हमारी जबान बन्द न की जाए। हम जो बोलना चाहते हैं बोलें और जनतंत्र का तकाज़ा है कि यह बैठ कर शान्ति-पूर्वक हमारी आलोचना को सुनते रहें। इतनी भी सुनते हैं इसलिए कि जनतंत्र को यह पसंद करते हैं और हम चाहते हैं। इसलिए जनतंत्र में आलोचना की गुंजाइश है। यदि इस सारी प्रेस को सरकार कंट्रोल कर ले तो शक हो जाता है कि सरकारी प्रेस हो जाए तो सम्भावना रहती है उसी तरह का दृष्टिकोण हो जाता है कि फिर सरकार की आलोचना कैसे होगी ? इसके लिए मेरे विधेयक में प्रावधान है

[श्री शिव चन्द्र झा]

कि पार्टी प्रेस हो । ऐसी जितनी भी रिकोग्नाइज्ड पार्टियां हैं जैसे कम्युनिस्ट पार्टी है उनके प्रेस की क्या हालत है कौन पढ़ता है हमारी जनता का जो वीकली है जो बम्बई से निकलता है उसको कोई छूता तक नहीं है ? हम लोग दो-चार आदमी हैं जो उसको मंगाते हैं और पढ़ते है। कौन सुनता है न्यू ऐज को जो कि सी०पी०आई० का अखबार है। कोई ताकता तक नहीं है। एक जमाना था अब तो उसे कोई देखता भी नहीं है। कौन छूता है लोक-बिहार को जो कि सी०पी०आई० (एम) का अखबार है ? वह हमारे यहां लाईब्रेरी में पड़ा रहता है। दूसरे अखबारों के पीछे तो भागते रहते हैं लेकिन उसको कोई नहीं पढ़ता । दिल्ली से नेशनल हैराल्ड निकलता है (व्यवधान) एक जमाना था जब वह आदर्श प्रेस था। पंडित जवाहर लाल नेहरु ने आजादी के आन्दोलन को मजबूत करने के लिए कहा था । उस समय के सम्पादक की राष्ट्रीय कुर्बानी और त्याग के लिए मैं उनको सलामी देता हूं । चलापति राव जिसने अपने खून और पसीने से नेशनल हैराल्ड को बनाया । लखनऊ में रह कर दिल्ली में रह कर, चलापति राव मद्रास से आया लेकिन आजकल के जो संचालक संचालिका नेशनल हैराल्ड के है उनको दूध में से मक्खी की तरह से निकाल दिया, उठा कर फेंक दिया । उसी चलापति राव ने पद्मभूषण को त्याग दिया । उन्होंने 1942 के आन्दोलन में जब नेशनल हैराल्ड को ताला लगाया गया था किसी की हिम्मत नहीं होती थी राष्ट्रीय आन्दोलन की मदद करना लेकिन नेशनल हैराल्ड में हमेशा रहता था। उनके एडिटर चलापति राव ने मुझे कहा कि जय-प्रकाश नरायण का लेख उन दिनों में कोई नहीं छापता था लेकिन हम और एक अखबार उस समय और था जो जयप्रकाश नारायण का लेख छापते थे । अंग्रेजो साम्राज्यवाद के खिलाफ लोहा लेते थे और जब ताला खोला गया तो गुड मार्निंग मिस्टर हैलेट दूसरे दिन एडीटोरियल निकला । मैं कह रहा था कि 'लोक बिहार' ये सब कौन देखता है । क्यों नहीं देखता है पार्टी प्रेस के, क्योंकि फाइनेंशियली ब्रोकन उसके पास पैसे नहीं हैं । वे कम्पीट नहीं कर सकते किसी बड़े अखबार से । स्टेटसमैन, पहले अंग्रेजी साम्राज्यवाद की आवाज का, अंग्रेजी साम्राज्यवाद का सांग, गाना गाता था और आज वह अमेरिकी साम्राज्यवाद का गाना गाता है । जिसके अन्दर 'आह' निकलती है, आह जिसको कहते हैं । गोल्डन एज था अंग्रेजी जमाने का और उस समय दुनिया के साम्राज्यवाद का यह स्पोक्समैन था, इसका मुकाबला वह कैसे करेंगे, बड़े बड़े अखबारों का । तो पार्टी प्रेस जो रइसको फाइनेंशियली मजबूत करें, इनको पैसे सेंट्रल बजट से एक लम्प सम मनी' । यर मेरे बिल में है, में बताऊंगा पढ़कर वर्ष में पांच लाख, हालांकि पांच लाख से कुछ नहीं होगा, 10 लाख, 15 लाख लेकिन वह से कैंडरी बात है, प्रेस चलाने के लिये डेली, वीकली के लिये सरकार सेंट्रल बजट से पैसा दे । रिकगनाईज्ड जितनी पार्टियां है 10 लाख या एक करोड़ एक को दे, इतनी पार्टियां है जैसे सात है तो 70 लाख या सात करोड़ दे अखबार चलाने के लिये । ये अखबार रहेंगे सरकार की नुक्ताचीनी के लिये, जब इनकी डेली जदि निकलेंगी दैनिक निकलेंगे लेकिन आज जनतंत्र में इसकी जरुरत है। आप कहेंगे यह कैसे होगा कि सरकार पैसा देगी और सरकार की आलोचना भी । लेकिन सरकार इधर भी वही पैसा देती है जितना उधर के एम० पी० को देती है । जितना डी०ए० उनको मिलता है उतना ही हमें भी मिलता है . . . (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : उनको ज्यादा मिलता है ।

श्री शिव चन्द्र झा : जिस तरह के फ्लैट में वे रहते हैं उसी तरह के फ्लैट में हम रहते है और सुबह से शाम तक इनकी मुखालिफत, करते हैं, इनका इस्तीफा मांगते रहते हैं। लेकिन ये फिर भी बर्दाश्त करते हैं। क्यों? इसलिये कि जनतंत्र चाहते हैं। तो सबको सरकारी पैसा मिलता है, इधर विरोधी हो तो भी मिलता है और सरकारी पैसा उधर भी मिलता है। इसलिये कि हम देश के जनतंत्र को मजबूत रखें वही बात प्रेस में होगी . . (व्यवधान) वही बात होगी प्रेस में, जनतंत्र मजबूत करने के लिये ये पैसे देंगे डेली अखबार को और ये सरकार की नुक्ताचीनी करेंगे, जैसा मैंने बताया पार्टी प्रेस होने के नाते जो उनके आदर्श हैं, वह मार्क्सवाद का हो, लेनिनवाद का हो, या जिस तरह के विचार होंगे, वैसे छापेंगे, वे डेमोक्रेटिक हों, सोशलिस्ट हों जो छापेंगे उसमें कोई रोक नहीं होगी। ये प्लांड प्रेस होंगी और ये आम जनता के लिये खोल दी जायेंगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, 'योजना' एक पत्रिका है प्लांनिग कमीशन से, क्या वह खराब पत्रिका है। मैं लेता हूं, पढ़ता हूं और लिखता भी हूं. . . (व्यवधान)

श्री हरी शंकर भाभड़ा (राजस्थान) : मुफ्त में आती है।

श्री शिव चन्द्र झा : तब नहीं रहती थी जब खरीदता था। क्या वह पत्रिका खराब है? नहीं, वह एक गंभीर पत्रिका है। योजना आयोग को यह ताकत है, यह क्षमता है कि 'योजना' निकाल सके। लेकिन क्या उसमें यह क्षमता नहीं है कि 10 डेलीज को निकाल सके ,10 दैनिक पत्र निकाल सके। जरूर उसमें क्षमता है। जिस गंभीरता के साथ योजना पत्रिका निकलती है, जिस सीरियसनेस के साथ, न्यूट्रलिटी सो काल्ड न्यूट्रलिटी जिसको कहते है उसके साथ वे डेलीज भी निकलेंगी। साप्तहिक भी निकलेंगे। तो योजना आयोग के मातहत यदि इसका जो प्रेस विंग है, इस प्रेस विंग को हम बढ़ा देते है तो यह कोई असंभव बात नहीं हैं। इसलिये मैंने कहा कि अपने देश में जनतंत्र को मजबूत करने के लिये और आप के प्रेस स्वातंत्र्य को सही मायने में स्थापित करने के लिये प्रेस प्लांड होनी चाहिये। मेरा कहना है कि एक प्लांड प्रेस कहलायेगा और दूसरा होगा पार्टी प्रेस, जो रिक्गनाईज्ड पार्टियों का होगा सरटेन सरकुलेशन का। वह मैं बिल में पढ़कर बता देता हू। इसको सरकार देखे यह कमी आज तक थी जो पार्टी प्रेस नहीं था। लंका में आप जानते होंगे कि श्रीमती भण्डारनायके के मातहत प्रेस कन्ट्रोल कर लिया गया था, नेशनलाईज कर लिया गया था। नतीजा हुआ कि धराशायी हो गयी। प्रैस ने मुखालफत की, जनता ने बगावत की, तो बात सोचने की है। मैं यह नहीं कहता कि सबको, बल्कि एक क्रिटिसिज्म की गुंजाइश रखें, आलोचना की गुंजाइश रखें और उसके लिये पार्टी प्रेस को ऊपर उठाइये। यह प्राफिट मेकिंग प्रेस जो है, यह जितने मानापोलिस्ट उद्योगपतियों के मुनाफाखोरी के प्रेस हैं, उनको अपने कब्जे में लाओ।

बिल में मेरा प्रावधान है कि दस हजार से ऊपर के सर्कुलेशन को कंट्रोल कर लो। थोड़ी देर के लिये बहस हो सकती है कि दस हजार तो बहुत थोड़ा है। तो हटाइये, एक लाख के ऊपर के जितने प्रेस हैं और यह चौबीस-पच्चीस मालिक जो हैं, बड़े घराने जो हैं, उनको आप कंट्रोल कर लें। इसमें क्या लगता है? दस-बीस पचास हजार वाले बच जायेंगे और एक लाख—अपटू 25 कामन ओनरशिप है, यह आप के ही सरकारी आंकड़े हैं, जो 81.13 लाख कापियां छापते है और 83 प्रतिशत टोटल सर्कुलेशन को कंट्रोल करते हैं। यह हमारे आंकड़े नहीं हैं। उसमें तो समय भी लगता है, आप का बना-बनाया है आंकड़ा। यह 25 कामन यूनिट्स हैं—

"...more than one lakh copies during the year 1978. As against 23 in the previous year, as many as 144 Indian newspapers including

[श्री शिव चन्द्र झा]

124 dailies were published by these big units. In circulation the share of newspapers owned by the big units was 81.13 lakh copies..."

तो यह जो सारे 25 मानापोलिस्ट ओनरशिप है, इसको कंट्रोल कर लें। दस पन्द्रह, बीस, पच्चीस वाले जो छूट जायेंगे। इसको आप कर लें तो यह जो घबराहट होती है कि प्रेस कण्ट्रोल हो जाये—भाई जो आदर्श नहीं रखता है, जो समाज को नया नहीं बनाना चाहता है, वह घबरायेगा। लेकिन जो बराबरी का समाज चाहता है और जो चाहता है कि प्रेस वास्तव में, हकीकत में एक नये समाज की रचना हो, वह नहीं घबरायेगा।

श्रीमन्, एक जमाना था, भारत के इतिहास में जब मुकम्मिल आजादी की नई बात होती थी, मुकम्मिल आजादी से लोग घबराते थे, डोमीनियन स्टेट्स के इर्द-गिर्द चक्कर लगाते थे। लेकिन हमारे आंदोलन में ऐसे लोग थे कि जिन्होंने झण्डा लहराया कि मुकम्मिल अंग्रेज को निकाल कर रहेंगे सरजमीन से। एक जमाना था हिन्दुस्तान में ...(**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश): उस वक्त कल्पनाथ राय कहां थे?

श्री शिव चन्द्र झा: उनका जन्म भी नहीं हुआ था। मेरा भी नहीं हुआ था। एक जमाना था जब समाजवाद सोशलिज्म कहने से लोग घबराते थे। राष्ट्रीय आंदोलन के नेता थे, लेकिन पंडित जवाहर लाल — औरों को तो छोड़ दें जो यंगर जनरेशन के थे, पं0 जवाहरलाल सोशलिज्म का प्रचार करते थे, भाषण देते थे नौजवानों के बीच में, लेकिन उन्हीं के खेमे में ऐसे भी लोग थे—यह क्या शेखचिल्ली की तरह बात करते हैं, देश तो आजाद ही नहीं हुआ—और सोशलिज्म की बोल रहे हैं। ऐसा भी राष्ट्रीय आंदोलन, आप जानते ही हैं कि ... ...(**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य: सोशलिस्ट तो कल्पनाथ राय ...(**व्यवधान**)

संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री कल्पनाथ राय): वह कहते हैं कि सोशलिज्म क्या है? राजा राम मोहन राय जब इंगलैंड गये, तो राबर्ट ओवन से उनकी बात हुई थी, जो यूटोपियन सोशलिस्ट थे। लेट 1820 में राबर्ट ओवन काल्पनिक सोशलिस्ट थे, आप जानते ही हैं... (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह: किसी जमाने में साठे साहब भी सोशलिस्ट रहे हैं।

श्री शिव चन्द्र झा: राबर्ट ओवन ने कहा सोशलिज्म और राजा राम मोहन राय चकरा गये। यह उन्नीसवीं सदी की शुरू की बात है। राजा राम मोहन राय चकरा गये कि सोशलिज्म किसको कहते हैं। उन्नीसवी सदी के आखिर में स्वामी विवेकानन्द जिसने शिकागो में डंका बजाया था भारत की संस्कृति का, भारत के गौरव का, वह आखिर तक चलते-चलते समाजवाद पर जोर देकर चला गया कि बगैर समाजवाद के हमारा उत्थान नहीं होगा, कल्याण नही होगा। तो फर्क आ गया उन्नीसवीं सदी के शुरू में एक दृष्टिकोण था, उन्नीसवीं सदी के आखिर में हिंदुस्तान में ही लोग इसको एक्सैप्ट करने लगे कि समाजवाद भी कोई चीज है अभी हमारे समाज में है। जो लोग नहीं मानते है उनको मैं कहता हूं। जब मैं कहता हूं प्रेस की प्लानिंग के बारे में, मंत्री महोदय जरा इस पर ठीक से गौर करें। मैं जानता हूं आप की पल्टन अभी नहीं है यहां पर लेकिन जब वोट की जरूरत होगी सब आ जायेंगे सेन्ट्रल हाल से—इस बिल को हराओं, गिराओं। यह बात हो सकती है। हमारे विचार को एक दिन आप को सुनना होगा और आप को मानना होगा। आप नहीं मानेंगे, दूसरा मंत्री आयेगा, तीसरा मंत्री आएगा, चौथा आयेगा; उसको मानना पड़ेगा।

इस दृष्टि से उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा जो विधेयक है प्रेस प्लानिंग एण्ड फ्रीडम बिल, उसको मैं चाहता हूं यह सरकार कबूल कर ले। इस बिल का जो मकसद है मैंने तो समझा दिया लेकिन फिर भी थोड़ा सा मकसद जो इसके स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स में है मैं पढ़ कर आप को सुना देता हूं :

"The freedom of the Press is the bulwark of liberty. With the growth of industrialisation, the Press has become more an enterprise and a business than an ideal free Press. The freedom of the Press is suppressed by the owners of the Press of larger circulation who, in the very nature of capitalism in the advanced stage, are in league with other monopolists of the economy in one form or the other. The Press Enquiry Commission Report and the Tenth Annual Report of the Registrar of Newspapers for India (April, 1966) have also corroborated that the concentration process is going on in the Indian Press. During the emergency the Press was gagged. Under the Janata Government, the Press Council has been reconstituted."

This was further reconstituted by you sometime ago.

"And another Press Enquiry Commission has been appointed to go into the working of the Indian Press. But socialism, which has been accepted by the people and our Parliament as the realizable goal of social betterment, demands freedom of the Press in that noble sense of the term.

For the realization of the freedom of the Press in that ideal sense of the term, it is felt that there is an unavoidable need for providing for a planned Press and a Party Press by suitable legislation."

इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुये कि प्लान्ड प्रैस कैसे होगा, पार्टी प्रेस कैसा होगा, जो बिल में व्यवस्था है वह मैं पढ़ कर सुनाता हूं :

There shall be the following two kinds of the Press in the country:—

(a) Planned Press; and

(b) Party Press.

There shall be established under the Act a Press Board to manage and run the Press which shall function under the control of the Planning Commission.

The Press Board shall consist of as many members as there are States and Union Territories in the country, one member representing each State or Union Territory to be nominated by the Government of the respective State or Union Territory from amongst reputed economists and journalists.

The Chairman of the Press Board shall also be a reputed economist and journalist to be nominated by the Central Government and shall be called the Director-General of the Press.

The Press Board shall take over without any compensation Private Press in India which has a circulation of 10,000 copies or above.

तो यह टेन थाउजैंड एण्ड अबव है। जो प्रेस बोर्ड बनेगा उपसभाध्यक्ष जी, उसमें हर राज्य का, यूनिन टैरिटरी का प्रतिनिधि होगा। वह बहाल किया जाएगा स्टेट गवर्नमेंन्ट और यूनियन सरकार द्वारा। उस के ऊपर एक डाइरेक्टर जनरल होगा जिसका बहाल करेगी केन्द्र सरकार और वे सारे विशेषज्ञ होंगे इकानिमिक्स के और जर्नलिज्म के। यह एक प्रेस बोर्ड बनेगा और ये जितने प्रैस लाए जायेंगे ये सब उन के द्वारा चलाए जायेंगे। मैंने 10,000 का सर्कुलेशन कहा है, थोड़ी देर के लिए मैं मानने को तैयार हूं कि बहुत कम

[श्री शिव चन्द्र झा]

है, यदि एक लाख से ऊपर का सर्कुलेशन हो तो भी इस में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी । यदि बुनियाद को, फण्डामेंटल्स को आप मान लेते हैं तो एक लाख से ऊपर के सर्कुलेशन वाले प्रेस को भी आप ले लें:

"Provided that nothing contained in this provision shall apply to the party Press even if it reaches a circulation of 10,000 copies and above".

पार्टी प्रेस का सर्कुलेशन अगर 1 लाख से ऊपर जाता है तो उसको छुओ नहीं। लेकिन प्राइवेट प्रेस का 1 लाख से ऊपर जाता है तो सबको सरकार ले ले। यह प्रेस बोर्ड के मातहत चलेगा। कैसे चलेगा, वह मैंने बताया । योजना आपकी छड सकती है फोर्टनाइटली, लेकिन प्लानिंग कमीशन द्वारा डेलीज, मंजलीज या वीक्लीज नहीं चल सकती है। उसको चलाने वाले कौन होंगे । वही जिस तरह से थोड़ी देर के लिए आपके सिविल सर्वेन्ट्स एडमिनिस्ट्रेशन को चलाते हैं। इसके लिए आपको इंडियन जर्नलिस्टिक सर्विस चलानी होगी । आपके डी० एम०, कलेक्टर, मजिस्ट्रेट हैं, ये पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन चलाते हैं । उसी तरह से ये लोग भी चलायेंगे । जनता सरकार थी तो क्या वे आफिसर प्रशासन में उनको सहायता नहीं देते थे ? आप आये तो आपको बात चल रही है। थोड़ी देर के लिए यह बात हो सकती है कि पक्षपात हो, लेकिन न्यूट्रली और निष्पक्ष रूप से प्रशासन को चलाने की जो परंपरा है, वही परंपरा जब इंडियन जर्नलिस्टिक सर्विस आप बनायेंगे तो इन अखबारों को चलाने वाले न्यूज एडिटर्स रिक्रूट होंगे तो वह भी निष्पक्ष रूप से चलायेंगे । थोड़ी बहुत जो कमी होगी वह सुधर जाएगी लेकिन यह अच्छी बात होगी। अभी आप देखिये, प्रेस का क्या हाल है। आप लिखिये स्टेट्समैन के खिलाफ यह ऐसा अखबार है, मेरी बात तो चुरा लेगा लेकिन साहस नहीं होता कहने का, मेरा नाम छापने का उनको साहस नहीं होता। अगर इंसान हो तो इंसानियत की सीमा से नीचे मत जाओ। वह कह देते हैं जनता मेम्बर है । और अखबार देते है लेकिन स्टेट्समैन वाले नहीं देते, वह कहते हैं जनता मेम्बर है। मैं कालिंग अटेंशन का मूवर हूं, लेकिन जनता मेम्बर हूं । उसमें 4--5 पार्टिसिपेंट्स के नाम उड़ा देना, वह जर्नलिज्म नहीं है ।

श्री वसन्त साठे : रेडियो में बराबर आपका नाम आता है कि नहीं ?

श्री शिव चन्द्र झा : रेडियो पर मैं बाद में आऊंगा । रेडियो भी प्रेस की परिभाषा में आता है । उस पक्ष मैं बाद में आऊंगा कि प्रेस का मतलब होता है रेडियो भी । यह आपकी इंटरनेशनल : डेफनिशन है । . . .

श्री वसन्त साठे : आपका नाम रेडियो पर बराबर आता है कि नहीं ?

श्री शिव चन्द्र झा : इसलिए मैं कहता हूं कि वह ठीक है लेकिन मैं यह नहीं कहता हूं कि आल इंडिया रेडियो आल इंदिरा रेडियो आज ही नहीं है बल्कि जब आडवाणी मिनिस्टर थे उस समय भी था । हम लोग उनसे पूछते रहते थे कि यह आल इंडिया रेडियो है या इंदिरा रेडियो है, आप क्या कर रहे हैं, किस चीज के मंत्री हैं । तो यह वैसी ही बात है जैसे कहावत है--

सौ मन साबुन लगाए,
कोयला होय न उजरो

आडवाणी जी को साबुन लगाते लगाते वहां से हटना पड़ा, लेकिन वह उसको सही नहीं कर सके ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, वे मेरे नाम की बात कहते हैं। मेरा नाम आता है कि नहीं. . . . . (व्यवधान)

श्री कल्पनाथ राय : आप का नाम डेली आता है ।

श्री शिव चन्द्र झा : मंत्री महोदय खुद सुनते ही नहीं हैं। टु डे इन पार्लियामेंट, संसद समीक्षा सुनते नहीं हैं। लेकिन मैं इनके रेडियो के आदमी को पंच मानता हूं, मैं रेफरी मानता हूं, ये भी बोलें, मैं भी बोलूं, लेकिन मैं कहता हूं कि ये कभी सुनते नहीं हैं। जो ये कहते हैं, मैं कल ही की बात बताऊं कि टु डे इन पार्लियामेंट, संसद समाचार में जो कल घटना हुई नौजवानों को लेकर, मैंने कहा था कि उसकी सेन्टेंस को कम करो। 6 दिन की सजा दी गयी। मैंने कहा कि वे नौजवान हैं। वैसे यह गलत बात है लेकिन उन की सेंटेंस कम होनी चाहिये। अंग्रेजी वालों ने पकड़ लिया, टु डे इन पार्लियामेंट वालों ने कहा। प्रणव जी ने उस का जवाब दिया लेकिन हिन्दी वालों की बात समझ में नहीं आयी। मैं हिन्दी में बोल रहा था। अंग्रेजी वालों ने थोड़ा दे दिया।

"He was supported by Dr. Mahavir."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Please tell me, how do you listen to Hindi and English broadcasts both at the same time?

(Interruptions)

SHRI SHIVA CHANDRA JHA: It was a million dollar question. जिस को अमरीका में कहा जाता है यह मिलियन डालर क्वेश्चन है। मैं उस का जवाब देता हूं इस लिए कि आप ने पूछा है। एक कान से मैं हिन्दी वाला सुनता हूं और दूसरे कान से छोटा रेडियो रखा हुआ है उस में टु डे इन पार्लियामेंट सुनता हूं। मेरे लिए संसद् की कार्यवाही उस वक्त ही नहीं खत्म होती है कि जब यहां सदन एडजर्न होता है। मेरे लिए संसद् की कार्यवाही खत्म होती है टु डे इन पार्लियामेंट सुन कर, साढ़े नौ बजे। तब मैं निश्चिन्त होता हूं कि अब पार्लियामेंट की कार्यवाही खत्म हुई है और अब दूसरा कोई काम करना चाहिये। तो आप का यह सवाल कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): On your behalf we request the Minister that there may be a 'Jha time'. At that time only, whatever Mr. Jha has stated should be told. There will be no problem then. *(Interruptions)*

श्री शिव चन्द्र झा : लेकिन यह बेचारे कुछ नहीं कर सकते हैं। इसी लिए मैं कहता हूं। इसी सदन में मैंने सवाल किया था, इसी रेडियो की बात पर कि मेरा नाम केवल एस सी झा क्यों देते हैं। पूरा नाम क्यों नहीं देते। उन्होंने कह दिया कि पूरा नाम दिया जायेगा। लेकिन अंग्रेजी वाले उसी तरह से देते रहे तो उन की कुछ लगेगी नहीं। वही पारिपाटी पुरानी है। तो रेडियो की गाइडलाइन्स अच्छी हों तो वह कुछ अच्छा हो सकता है। तो यह प्लैन्ड प्रेस की बात जो है उसको सरकार ठीक कर ले। And Planned Press shall be financed by the Central Government. जैसे दूसरे प्रोजेक्ट्स चलते हैं उसी तरह से यह प्लैन्ड प्रेस सरकार द्वारा चलेगा और इस को कंसीडर किया जये।

अब प्लैन्ड प्रेस में छपेगा क्या।

[श्री शिव चन्द्र झा]

"The Planned Press shall—

(a) concentrate on the plans and projects of the Central Government, State Governments and the Administrations of the Union territories;

(b) present the national and international news in a non-partisan way;

(c) allot more space for the letters to the Editor's column, articles and book reviews by the public in general."

मैंने कहा कि अभी यदि आप या हम, कोई साधारण आदमी कोई लेख लिखे और उसे किसी अखबार वाले को भेजे और अगर वह लेख उसकी पालिसी से नहीं मिलता तो वह अखबार उस लेख को छापेगा ही नहीं। लेकिन यह बात प्लैन्ड प्रेस में नहीं होगी। चीज अच्छी हो तो उस के लिये प्लैन्ड प्रेस का फाटक खुला रहेगा। अभी तक जो अखबार चलते हैं वे तीन चौथाई एडवर्टीइजमेंट्स पर ही चलते हैं। प्रेस एक मनीमेकिंग इंटरप्राइज हो गया है। Pumping money out of the Press as is done by any other.. उनका प्रेस शासन से मतलब ही नहीं है। दूसरों से मतलब है। तो उसमें छपने वाले आब्जेक्टिव आम जनता के लेख हों। जो लिखक हों वे नौजवान हों, उनमें इनोशियेटिव हो। आज अखबारों में उनको मौका नहीं मिलता है। उनके आर्टिकिल वापस कर दिये जाते हैं "अनएबिल टु पब्लिश" लिख कर। यह प्लैन्ड प्रेस उन लोगों के लिये खोल दिया जायगा। जो पार्टी के लिये कमिटेड नहीं हैं, जो सरकारी आदमी नहीं हैं उनके लिये और आम जनता के लिये इस प्रेस का फाटक खुल जायगा और उस का काम होगा सोशल बेटरमेंट। अभी हिन्दुस्तान में भी प्रेस सेंशनलिज्म है। हिन्दुस्तान में न्यूज की परिभाषा क्या है। न्यूज की परिभाषा है 'डाग बाइट्स ए मैन' तो यह न्यूज नहीं है और 'मैन बाइट्स ए डाग' तो यह न्यूज है। आप हमारी बातों को ध्यान पूर्वक सुन रहे हैं। बड़ा अच्छा आपको लग रहा है या खराब लग रहा है। आप बैठे हैं और सुन रहे हैं। अभी मैं हल्ला करूं सदन में शोर करूं तो पेपर में आ जाएगा। अभी दोनों में झपट हो जाए तो अखबारों में बड़ा-बड़ा निकल आएगा कि उन्होंने चेयर को ऐसा झपट लिया। आपने जो कुछ कहा वह भी अखबार में आ जाएगा। यह परिभाषा है। मैं न्यूज की परिभाषा समझा रहा हूं मैं झपटा नहीं दे रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AEVIND GANESH KULKARNI): In your desire to get it printed, don't pull me down.

श्री शिव चन्द्र झा : मैं आपको कुछ नहीं कह रहा हूं। मैं परिभाषा सुना रहा हूं। न्यूज जो है 'एन० ई० डब्ल्यू० एस०' इसका मतलब है 'एन० फार नार्थ, 'ई०' फार ईस्ट, 'डब्ल्यू' फार वेस्ट और 'एस' फार साउथ। यानी चारो तरफ से न्यूज आनी चाहिये। जो न्यूज हो उसमें नवीनता आनी चाहिये। लेकिन यहां तो सेंशनलिज्म है। अमेरिका की जो प्रेस भी वहां एन्टरप्राइस बढ़ता चला गया। सेंशनलिज्म की खोज होने लगी। न्यूयार्क टाइम्स और न्यूयार्क हैरालड में सेंशनलिज्म कैसे लाया जाए इसके लिये इन्होंने कोर्ट में जाकर देखे डाइवार्स के केस, तलाक के केस, क्राइम्स के केस। इनका उन्होंने वहां जाकर पता लगाया। इनके रिपोर्टर वहां गये। जब यह इनके पेपर में छपने लगा तो इनका सरकुलेशन बढ़ गया। इसकी खोज होने लगी। विलियम रेन्ड जो चेन प्रेस का मालिक है, सेन फ्रांसिस्को और लांस एंजेलस में भी बहुत से अखबार हैं, उनकी अलग कहानी है। यही चीज यहां भी है,। सेंशनलिज्म की बदौलत सरकुलेशन

